Regarding human-wild animal conflict in Uttarakhand-laid

श्री अजय भट्ट (नैनीताल-ऊधमसिंह नगर) : मैं उत्तराखंड के राज्य एवं वन बाहुल्य क्षेत्रों की वन्यजीव-मानव (किसान) संघर्ष की गंभीर चुनौती की तरफ आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ। वन्यजीवों के कारण जहां सैकड़ों लोगो ने अपनी जान गवाई है, वही फसलों को व्यापक नुकसान होने के कारण लोग वहां से पलायन के लिए मजबूर है, उत्तराखंड प्रदेश के किसान, वन्यजीवों के आतंक के कारण अपनी खेती कर पाने में असमर्थ हैं, मजबूरी में लोग क्रॉप पैटर्न चेंज (फसल परिवर्तन) पर मजबूर है और उनके आगे भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गयी है। मैं केंद्र सरकार से माँग करना चाहता हूँ कि सरकार इस समस्या को गंभीरता से समझते हुए हितधारकों, नीतिनिर्माताओं, राज्य केंद्र सरकारों, कानून विभाग, वन्य विभाग, कृषि विभाग, मीडिया, गैर -सरकारी संगठनों में समन्वय स्थापित करते हुए कारगर अल्पकालिक, दीर्घकालिक कदम उठाये, इसके अतिरिक्त सरकार सौर ऊर्जा आधारित तार, बाड़, भूमि उपयोग नियोजन, इको टूरिज्म, पर्यावरण सेवा कर ग्रीन बोनस जैसे सुझावों पर शीघ्र अमल करे तथा किसानो को इस चुनौती से निपटने हेतु प्रक्षिशण देकर क्रॉप चेंज (फसल परिवर्तन) के लिए संसाधन उपलब्ध कराया जाना चाहिए एवं वन्य जीव कानूनों को और जनउपयोगी बनाने की मांग करता हूँ।